कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्र. 1952/परीक्षा/2022 रायपुर, दिनांक 04/06/2022

सेमेस्टर परीक्षार्थियों के लिए दिशा–निर्देश

उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के आदेश क्रमांक एफ 3–33/2020/38–1 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 28.03.2022 एवं विश्वविद्यालय कार्य परिषद की बैठक दिनांक 03.06.2022 दिन– शुक्रवार में लिये गये निर्णयानुसार शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर की स्नातकोत्तर (एम.एस–सी./डीसीए/पीजीडीसीए) की सत्र 2021–22 की सेमेस्टर परीक्षा ऑनलाईन/ब्लैण्डेड पद्वति से आयोजित की जाएगी। उक्त समस्त परीक्षाओं में घोषित समय–सारिणी के अनुसार स्नातकोत्तर के मुख्य/एटीकेटी के छात्र ही परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

(अ) उत्तर पुस्तिका संबंधी निर्देश–

1. परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ (कव्हर पेज) जिस पर महाविद्यालय की सील अंकित होगी एवं परीक्षा नियंत्रक द्वारा हस्ताक्षरित होगी,महाविद्यालय के वेबसाइट www.gnscr.ac.in से डाउनलोड कर सकेंगें।

अथवा

   परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका का मुख्य पृष्ठ (कव्हर पेज) ए–4 साईज के पेपर पर स्वयं बनायें।

2. उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के साथ परीक्षार्थी ए–4 आकार का कागज अपनी आवश्यक–तानुसार उपयोग कर स्टेपल/टैगिंग करेंगे।
3. परीक्षार्थी प्रश्नों का उत्तर पेपर के दोनो तरफ लिखेंगे।
4. प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए अलग–अलग उत्तरपुस्तिका का उपयोग किया जाना है।
5. उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ के उपरी भाग में क्रमानुसार पृष्ठ क्रमांक, स्वयं के हस्ताक्षर एवं अनुक्रमांक अवश्य लिखना होगा।
6. उत्तरपुस्तिका हस्तलिखित एवं स्वलिखित होनी चाहिए। टाइपिंग/प्रिंटिंग उत्तरपुस्तिका मान्य नही होगी।
7. प्रश्नो के उत्तर क्रमानुसार हल करें।
8. "ब्लैंण्डेड पद्धति" के परीक्षा परिणाम पर परीक्षार्थी को पुनर्मूल्यांकन तथा पुनर्गणना एवं श्रेणी

Scanned with CamScanner

सुधार की पात्रता नहीं होगी।

9. सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत "ब्लैंडेड पद्धति" से संपन्न परीक्षाओं के उत्तर–पुस्तिका परीक्षार्थियों को प्रदान नहीं की जाएगी।

10. यदि कोई छात्र कोविड–19 से पीड़ित है, तो इसकी पूर्व सूचना स्वशासी परीक्षा प्रकोष्ठ को लिखित में ईमेल/व्हाटसप से देंगे, जिसमें छात्र अपना पूरा विवरण का उल्लेख करेंगे, जैसे नाम, रोल नं., विषय एवं मोबाइल नं. आदि। साथ ही कोविड–19 की RTPCR रिपोर्ट संलग्न करेंगे।

(ब) प्रश्न पत्र वितरण के संबंध में

1. समय–सारिणी के अनुसार प्रश्न पत्र महाविद्यालय के वेबसाईट तथा केन्द्राध्यक्ष व मेंटर्स के व्हाटसप पर प्रतिदिन प्रातः 07:30 बजे अपलोड कर दिया जाएगा। मेंटर्स छात्रों को प्रश्न पत्र PDF व्हाटसॅप ग्रुप में प्रातः 08:00 बजे प्रेषित करेंगे।
2. परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका में प्रश्नों का उत्तर प्रातः 08:00 बजे से 11:00 बजे तक लिख सकेंगे।

(स) लिखित उत्तर–पुस्तिका जमा करने के संबंध में

1. परीक्षार्थीगण, परीक्षा हेतु दिए गए निर्धारित समय की समाप्ति के उपरांत उसी दिन अपरान्ह 12:00 से 03:00 बजे तक अपनी उत्तर–पुस्तिका को महाविद्यालय द्वारा निर्धारित कक्ष में अनिवार्य रूप से जमा करेंगे।
2. उत्तरपुस्तिका जमा करते समय परीक्षार्थी कक्ष में रखें पंजी पर अपना हस्ताक्षर एवं तारीख का उल्लेख अनिवार्य रूप से करेंगे।
3. उत्तरपुस्तिका निर्धारित दिवस एवं समय पर जमा नहीं करने की स्थिति में परीक्षार्थी को अनुपस्थित माना जाएगा।

परीक्षा नियंत्रक
स्वशासी परीक्षा प्रकोष्ठ
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner